दिनांक : 21.02.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में करेंगे अपने विचार साझा।
- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज दतिया में सिंध नदी पर बने पुल का करेंगे लोकार्पण। वे वहां 532 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।
- नई दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आज आखिरी दिन।
- खजुराहो में 52वें अंतर्राष्ट्रीय नृत्य समारोह का आज दूसरा दिन। कथक छाऊ और भरतनाट्यम नृत्यां की होगी प्रस्तुति।

- राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में आज भी बारिश संभावना।

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

मुख्यमंत्री-पुल लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दतिया जिले की तहसील सेवढ़ा में आयोजित कार्यक्रम में 532 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसमें मुख्य रूप से सिंध नदी पर नव निर्मित सेतु का लोकार्पण शामिल हैं। साथ ही सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बसई सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सनकुआ धाम के समीप स्थित द्वारिकाधीश मंदिर में पूजन-अर्चन भी करेंगे। कृषि उपज मंडी प्रांगण सेवढ़ा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 299.32 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए 53 विकास कार्यों का लोकार्पण और 233.24 करोड़ रुपये की लागत के 21 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेंगे। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे।

वैष्णव-एआई इम्पैक्ट समिट

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट कई मायनों में सफल रहा है। कल शाम नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि पांच लाख से अधिक लोगों ने इस प्रदर्शनी का आनंद लिया, बहुत कुछ सीखा और दुनिया भर के कई विशेषज्ञों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री-एआई इम्पैक्ट समिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 नई दिल्ली में नीवक्लाउड के प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। साथ ही नीवक्लाउड के फाउंडर व सीईओ नरेन्द्र सेन से कंपनी की गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्री सेन ने बताया कि इंदौर आधारित नीवक्लाउड की स्थापना भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एआई, क्लाउड और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वपूर्ण भूमिका है।

अमित शाह-असम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुवाहाटी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल-सी.आर.पी.एफ. की स्थापना दिवस परेड में शामिल होंगे। वे वहां 10वीं असम पुलिस बटालियन की आधारशिला भी रखेंगे। पहली बार सी.आर.पी.एफ. की वार्षिक स्थापना दिवस परेड असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र में आयोजित की जा रही है।

खजुराहो नृत्य समारोह

खजुराहो में 52वें अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह में आज दूसरे दिन सायं 6ः30 बजे से विश्वदीप, दिल्ली का कथक, प्रभात मेहतो, झारखंड का छाऊ और अक्मारल काइना रोवा, कजाकिस्तान का भरतनाट्यम नृत्य होगा। 26 फरवरी तक चलने वाला महोत्सव इस बार नटराज की विशेष थीम पर आधारित है। समारोह के पहले दिन कल पद्मश्री ममता शंकर का कथक नृत्य मंदिर परिसर के मंच पर हुआ। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह का मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कल वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। श्री यादव ने कहा कि कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह हमारी राष्ट्रीय धरोहर है।

निमाड़ी लोक कला व पर्यटन

खण्डवा जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में जिले के ओंकारेश्वर, हनुमंतिया, बोरियामाल और धारी कोटला सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं के विकास के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निमाड़ी लोक कला और स्थानीय संस्कृति के संरक्षण हेतु “निमाड़ महोत्सव” जैसे आयोजनों की आवश्यकता बताई।

मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में कल शाम से बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले भी गिरे हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, धार, इंदौर, रायसेन, उज्जैन, सागर, छतरपुर, शाजापुर समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। तेज आंधी की वजह से रतलाम, शाजापुर, उज्जैन में फसलों पर असर पड़ा है। मौसम केंद्र, भोपाल के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिनों तक 25 जिलों में आंधी के बीच बारिश का अनुमान है। राजधानी भोपाल में आज बादल छाए रह सकते हैं, जबकि इंदौर और उज्जैन में गर्मी का असर बढ़ेगा। कृषि विभाग ने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए राहत सर्वे के निर्देश दिए हैं।

क्रिकेट टी20 विश्व कप

आईसीसी पुरूष टी-20 क्रिकेट विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने कल रात ओमान को 9 विकेट से हरा दिया। यह मैच श्रीलंका के पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ओमान ने 105 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने नौ ओवर और चार गेंदों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श ने नाबाद 64 रनों का योगदान दिया, जबकि एडम जैम्पा ने 4 विकेट लिए। एडम जैम्पा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

महिला क्रिकेट

महिला क्रिकेट में, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला आज ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से शुरू होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण हो गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज किया जायेगा। इस संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में होगी।
- गुना में कल कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में संचालित निर्माण और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- डिंडोरी जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित जिला प्रशासन की अभिनव पहल पंखिनी सपनों को दो पंख के तहत बालिकाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ कल किया गया।
- शाजापुर में अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर कल विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके अधिकारों, न्याय प्रक्रिया और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई।
- झाबुआ में आज से दो दिवसीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला आयोजित होगा।
- कटनी में ईवीएम और वीवीपीएटी के जिलास्तरीय वेयरहाउस का मासिक और त्रैमासिक निरीक्षण आज किया जाएगा।
- धार जिले की औद्योगिक नगरी पीथमपुर में दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण हेतु 'प्रोजेक्ट सामर्थ्य' का कल शुभारंभ किया गया।
- पन्ना के कमिश्नर सुचारी ने कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर लगे शिविरों में प्राप्त आवेदनों और निराकरण की जानकारी प्राप्त की।

- सतना और मैहर जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर फसल का पंजीयन षुरू हो गया है। पंजीयन 16 मार्च तक किया जाएगा।
- नर्मदापुरम जिले की सिवनीमालवा के शासकीय कन्या महाविद्यालय में "भारतीय पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण" विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार कल गरिमामय वातावरण में संपन्न हो गया।